aglasem.com

FOR UP CLASS 10 PREPARATION

UP Board Class 10th Model Paper 2027 Elementary Hindi

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
UP Class 10	2027	Sample Paper	Hindi

नोट–अनिवार्य हिन्दी से छूट पाने वाले विद्यार्थियों के लिए।

मॉडल प्रश्न पत्र

सत्रः 2026–27

कक्षा–10

विषय– प्रारम्भिक हिन्दी

समय–3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक–70

निर्देश–

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

(ii) प्रश्नपत्र दो भाग खण्ड (अ) तथा खण्ड (ब) में विभाजित है।

(iii) प्रश्नपत्र के खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिसमें सही विकल्प का चयन करके O.M.R शीट पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट पेन से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला करें।

(iv) खण्ड(अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न हेतु प्रत्येक प्रश्न के लिए (01) अंक निर्धारित है।

(v) ओ0एम0आर0 शीट पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात उसे काटे नहीं तथा इरेजर(Eraser) एवं व्हाइटनर (whitener) आदि का प्रयोग न करें ।

(vi) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिये गये हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न– खण्ड 'अ'

प्रश्नः1 रीतिकाल के कवि हैं: 01

(i) केशवदास (ii) महाकवि भूषण

(iii) बिहारी लाल (iv) जयशंकर प्रसाद

(A) (i)(ii) (B) (i)(ii)(iv)

(C) (i)(iv) (D) (i)(ii)(iii)

प्रश्नः2 'तारसप्तक' के कवि नही हैं: 01

(A) अज्ञेय (B) प्रभाकर माचवे

(C) गिरिजा कुमार माथुर (D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

प्रश्नः3 'रामचन्द्रिका' के रचनाकार हैं: 01

(A) मतिराम (B) केशवदास

(C) पद्माकर (D) भूषण

प्रश्नः4 'हरी घास पर क्षण भर' के रचयिता हैं: 01

(A) महादेवी वर्मा (B) मैथिलीशरण गुप्त

(C) सुमित्रानन्दन पंत (D) अज्ञेय

प्रश्नः5 'सुमित्रानन्दन पंत' की रचना हैः 01

(A) परिमल (B) स्वर्ण धूलि

(C) पल्लव (D) उपर्युक्त सभी

प्रश्न:6 'रामकुमार वर्मा' की एकांकी है: 01

(A) लक्ष्मी का स्वागत (B) सिन्दूर की होली

(C)बादल की मृत्यु (D) रक्षा बंधन

प्रश्न:7 मिलान कीजिए: 01

(i) अजातशत्रु (क) रामकुमार वर्मा

(ii) बादल की मृत्यु (ख) जयशंकर प्रसाद

(iii) सुखसागर (ग) सदासुख लाल

(iv) मैला आंचल (घ) फणीश्वर नाथ रेणु

	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(A)	क	ख	ग	घ
(B)	ख	ग	घ	क
(C)	ख	क	ग	घ
(D)	घ	ग	क	ख

प्रश्न:8 जयशंकर प्रसाद के नाटकों का विषय है: 01

(A) सामाजिक (B) मनोवैज्ञानिक

(C) ऐतिहासिक (D) राजनैतिक

प्रश्न:9 'कफन' के लेखक हैं: 01

(A) प्रेमचन्द्र (B) इलाचन्द्र जोशी

(C) भगवतीचरण वर्मा (D) रामकुमार वर्मा।

प्रश्न: 10 बाल मुकुन्द गुप्त का निबंध संग्रह है: 01

(A) चिन्तामणि (B) ठलुआ क्लब

(C) विचार बीथी (D) शिवशंभु के चिट्ठे।

प्रश्न:11 'द्वन्द्व' समास की परिभाषा है: 01

(A) अन्य पद प्रधान होते हैं (B) उत्तर पद प्रधान होते हैं

(C) दोनों पद प्रधान होते हैं (D) पूर्व पद प्रधान होते हैं ।

प्रश्न 12 'समुद्र' का पर्याय है: 01

(A) वारि (B) वारिद

(C) वारिधि (D) वारिज

प्रश्न: 13 'अंधेरा' का विलोम है: 01

(A) उजाला (B) रात

(C) अंधकार (D) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न: 14 जो ईश्वर में विश्वास रखता हो: 01

(A) आस्तिक (B) सार्वकालिक

(C) नास्तिक (D) स्वास्तिक

प्रश्नः 15 'कपाट' का तद्भव है: 01

(A) दरवाजा (B) कपड़ा

(C) कर्पट (D) उपवन

प्रश्नः 16 'चतुष्पथ' का तद्भव है: 01

(A) चौराहा (B) दोराहा

(C) तिराहा (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

प्रश्नः 17 'तस्य' में विभक्ति और वचन है: 01

(A) षष्ठी विभक्ति, एकवचन (B) द्वितीया विभक्ति, द्विवचन

(C) द्वितीया विभक्ति, बहुवचन (D) षष्ठी विभक्ति, बहुवचन

प्रश्नः18 'कर्तृवाच्य' में किसकी प्रधानता होती है: 01

(A) कर्ता (B) कर्म

(C) भाव (D) उपर्युक्त सभी

प्रश्नः 19 अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद हैं: 01

(A) तीन (B) आठ

(C) छः (D) दस

प्रश्नः 20 भाववाचक संज्ञा है: 01

(A) मोहन (B) वाराणसी

(C) लड़का (D) बचपन

वर्णनात्मक प्रश्न **खण्ड 'ब'**

प्रश्न–1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित तीन प्रश्नों का उत्तर दीजिए: 3X2=6

जिन्दगी को मौत के पंजों से मुक्त कर उसे अमर बनाने के लिए आदमी ने पहाड़ काटा है। किस तरह इंसान की खूबियों की कहानी सदियों बाद आनेवाली पीढ़ियों तक पहुँचायी जाय, इसके लिए आदमी ने कितने ही उपाय सोचे और किये। उसने चट्टानों पर अपने संदेश खोदे, ताड़ों से ऊँचे धातुओं–से चिकने पत्थर के खंभे खड़े किये, ताँबे और पीतल के पत्तरों पर अक्षरों के मोती बिखेरे और उसके जीवन–मरण की कहानी सदियों के उतार पर सरकती चली आयी, चली आ रही है, जो आज हमारी अमानत–विरासत बन गयी है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ii) मनुष्य ने अपनी धरोहरों को किस प्रकार संजोकर रखा?

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए?

अथवा

दूसरी बात जो इस संबंध में विचारणीय है, वह यह है कि संस्कृति अथवा सामूहिक चेतना ही हमारे देश का प्राण है। इसी नैतिक चेतना के सूत्र से हमारे नगर और ग्राम, हमारे

प्रदेश और संप्रदाय, हमारे विभिन्न वर्ग और जातियॉ आपस में बंधी हुई हैं। जहाँ उनमें और सब तरह की विभिन्नताएँ, हैं, वहाँ उन सबमें यह एकता है। इसी बात को ठीक तरह से पहचान लेने से बापू ने जनसाधारण को बुद्धिजीवियों के नेतृत्व में क्रांति करने के लिए तत्पर करने के लिए इसी नैतिक चेतना का सहारा लिया था।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ii) हमारे देश का प्राण क्या है?

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए?

प्रश्न–2 निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित तीन प्रश्नों का उत्तर दीजिएः 3X2=6

काम कुसुम धनु सायक लीन्हे। सकल भुवन अपने बस कीन्हे।।
देबि तजिअ संसउ अस जानी। भंजब धनुषु राम सुनु रानी।।
सखी बचन सुनि भै परतीती। मिटा बिषादु बढ़ी अति प्रीती।।
तब रामहि बिलोकि बैदेही। सभय हृदयँ बिनवति जेहि तेही।।
मनहीं मन मनाव अकुलानी । होहु प्रसन्न महेस भवानी।।
करहु सफल आपनि सेवकाई। करि हितु हरहु चाप गरूआई।।
गननायक बरदायक देवा। आजु लगें कीन्हिउँ तुअ सेवा।।
बार बार विनती सुनि मोरी। करहु चाप गुरूता अति थोरी।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ii) पद्यांश में सीताजी का सशंकित मन श्रीराम से विवाह के लिए देवताओं से किस प्रकार विनती कर रहा है।

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए?

अथवा

यहीं कहीं पर बिखर गयी वह,
भग्न विजय–माला–सी।
उसके फूल यहाँ संचित हैं,
है यह स्मृति–शाला सी।।
सहे वार पर वार अंत तक,
लड़ी वीर बाला–सी।
आहुति–सी गिर चढ़ी चिता पर,
चमक उठी ज्वाला–सी।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए?

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए?

(iii) 'विजयमाला' 'स्मृतिशाला' और 'वीर बाला' पदों में समास बताते हुए समास विग्रह कीजिए?

प्रश्न–3 (क) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए: 2+3=5

भारतीया संस्कृतिः तु सर्वेषां मतावलम्बिनां संगमस्थली। काले काले विविधाः विचाराः भारतीय–संस्कृतौ समाहिताः। एषा संस्कृतिः सामासिकी संस्कृतिः यस्याः विकासे विविधानां जातीनां सम्प्रदायानां विश्वासानांच योगदानं दृश्यते। अतएवं अस्माकं भारतीयानाम् एका संस्कृतिः एका च राष्ट्रीयता। सर्वोऽपि वयं एकस्याः संस्कृतेः समुपासकाः एकस्य राष्ट्रस्य च राष्ट्रियाः। यथा भ्रातरः परस्परं मिलित्वा सहयोगेन सौहार्देन च परिवारस्य उन्नतिं कुर्वन्ति तथैव अस्माभिः अपि सहयोगेन सौहार्देन च राष्ट्रस्य उन्नतिः कर्तव्या।

अथवा

वाराणस्यां प्राचीनकालादेव गेहे गेहे विद्यायाः दिव्यं ज्योतिः द्योतते। अधुनाऽपि अत्र संस्कृतवाग्धारा सततं प्रवहति, जनानां ज्ञानंञ्च वर्द्धयति। अत्र अनेके आचार्याः मूर्धन्याः विद्वांसः वैदिकवाङ्मयस्य अध्ययने अध्यापने च इदानीं निरताः। न केवलं भारतीयाः अपितु वैदेशिकाः गीर्वाणवाण्याः अध्ययनाय अत्र आगच्छन्ति,निःशुल्कं च विद्यां गृह्णन्ति। अत्र हिन्दूविश्वविद्यालयः, संस्कृतिविश्वविद्यालयः, काशीविद्यापीठम् इत्येते त्रयः विश्वविद्यालयाःसन्ति, येषु नवीनानां प्राचीनानांच ज्ञानविज्ञानविषयाणाम् अध्ययनं प्रचलितः।

(ख) दिये गये संस्कृत पद्यांशों मे से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए:

किंस्विद् गुरूतरं भूमेः किंस्विदुच्चतरं च खात्। 2+3=5
किंस्विद् शीघ्रतरं वातात् किंस्विद् बहुतरं तृणात्।।

अथवा

रात्रिर्गमिष्यति भविष्यति सुप्रभातं
भास्वानुदेश्यति हसिष्यति पंकजालिः।
इत्थं विचिन्तयति कोशगते द्विरेफे
हा हन्त! हन्त! नलिनीं गज उज्जहार।

प्रश्नः4 (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन–परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए: **(शब्द सीमा अधिकतम–80 शब्द)** 3+2=5

1–रामचन्द्र शुक्ल
2–डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद
3–डॉ0 भगवतशरण उपाध्याय

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए: **(शब्द सीमा अधिकतम–80 शब्द)** 3+2=5

1–गोस्वामी तुलसीदास
2–सुभद्रा कुमारी चौहान

3–रामनरेश त्रिपाठी

प्रश्न–5 निम्नलिखित संस्कृत प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों का संस्कृत में उत्तर दीजिए:

1– भारतीय संस्कृतेः कः दिव्यः संदेशः अस्ति? 2+2=4

2–वाराणस्याम् कति विश्वविद्यालयः सन्ति?

3–कि हित्वा नरः प्रियो भवति?

4–कविः कोकिलः कि बोधयति?

प्रश्न–6 (क) करूण रस की परिभाषा लिखते हुए उसका एक उदाहरण लिखिए? 1+1=2

(ख) सोरठा छंद की परिभाषा लिखते हुए उसका एक उदाहरण दीजिए? 1+1=2

(ग) उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा लिखते हुए उसका एक उदाहरण दीजिए? 1+1=2

प्रश्न–7 निम्नलिखित लोकोक्ति एवं मुहावरों में से किसी एक का अर्थ बताते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए: 1+1=2

(क) दांत खट्टे करना

(ख) दो नावों पर पैर रखना

(ग) अंत भला तो सब भला

(घ) सूर्य को दीपक दिखाना

प्रश्न–8 निम्नलिखित में से किसी एक शीर्षक पर निबन्ध लिखिए:

(शब्द सीमा अधिकतम–200 शब्द) 1+5=6

(i) वृक्ष धरा का आभूषण है।

(ii) विद्यार्थी जीवन में समय का महत्व

(iii) मेरा प्रिय कवि

(iv) विज्ञान वरदान अथवा अभिशाप।